दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री साव फहरायेंगे झंडा

**शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय समारोह**

**रायगढ़।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव जिला मुख्यालय में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जिला स्तरीय समारोह रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित होगा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव प्रात: 9 बजे झंडा फहरायेंगे। झंडा फहराने के पश्चात मुख्य अतिथि को सलामी दी जाएगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात मार्च पास्ट एवं मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर्स से परिचय, शहीदों के परिजनों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम के अंत में उप मुख्यमंत्री अरूण साव जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित करेंगे।

### रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या की कोशिश कर रहे वृद्ध की डॉयल 112 पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ से बचाई जान

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के कोरिया दादर के पास रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या की नीयत से लेटे एक वृद्ध व्यक्ति को डॉयल 112 (कोतवाली राइनो-1) की टीम ने बचा लिया। पुलिसकर्मी एडवर्ड कुजूर और ईआरवी वाहन चालक जय महिलाने मौके पर पहुंचे और वृद्ध को समझाने का प्रयास किया। घटनास्थल पर मौजूद लोग पहले से वृद्ध को ट्रैक से हटने के लिए मना रहे थे, लेकिन वह किसी की बात नहीं मान रहा था। डॉयल 112 की टीम ने वृद्ध की पत्नी और बेटी को बुलाया, जिनके साथ उसे समझा-बुझाकर ट्रैक से हटाया। बाद में पुलिस ने वृद्ध को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया। परिवार ने बताया कि वृद्ध व्यक्ति बीमार है और पिछले कुछ दिनों से उसका व्यवहार असामान्य हो गया था। वह पहले भी अचानक घर छोड़कर कहीं चला गया था। डॉयल 112 के स्टाफ ने परिवार को वृद्ध का उचित इलाज कराने की सलाह दी। पुलिसकर्मियों की समय पर की गई कार्रवाई ने वृद्ध की जान बचाकर एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया।



### राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस पर रायगढ़ पुलिस कार्यालय में पुलिसकर्मियों ने ली मताधिकार की शपथ

**रायगढ़।** 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर रायगढ़ पुलिस कार्यालय में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने कार्यालयीन स्टाफ को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मरकाम ने सभी पुलिसकर्मियों को अपने परिवार और परिचितों को भी मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, डीएसपी सुशांतो बनर्जी, डीएसपी साधना सिंह समेत पुलिस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को उत्कृष्ट निर्वाचन प्रबंधन के लिए मिला राज्य स्तरीय सम्मान

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर टीम रायगढ़ राज्य स्तर पर हुई पुरुस्कृत

**❒ संभाग स्तरीय पुरुस्कारों में भी रहा रायगढ़ का दबदबा, सहायक प्रोग्रामर विभाष पांडेय और डाटा एंट्री ऑपरेटर लारेंस केरकेट्टा भी हुए सम्मानित**









**रायगढ़**

25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने यह सम्मान प्रदान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले भी इस मौके पर उपस्थित रहीं। कलेक्टर गोयल को यह सम्मान भारत निर्वाचन आयोग की अनुशंसा पर रायगढ़ जिले में निर्वाचन के कुशल प्रबंधन व संचालन के लिए मिला। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में पूरे रायगढ़ जिले की निर्वाचन टीम ने काम किया और प्रदेश में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की। रायगढ़ जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में 81.60 प्रतिशत वोटिंग हुई। जो कि पिछले लोकसभा चुनाव से 2.14 प्रतिशत अधिक है। रायगढ़ से निर्वाचन कार्य में संलग्न सहायक प्रोग्रामर विभाष चंद्र पांडेय और डाटा एंट्री ऑपरेटर लारेंस केरकेट्टा को भी राज्य स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया गया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि यह सम्मान रायगढ़ जिले की पूरी टीम के अथक परिश्रम और साझे प्रयास के साथ जिले के जागरूक मतदाताओं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी और जिले के मतदाताओं को इसके लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां निर्वाचन संचालन के लिए व्यापक तैयारियों की आवश्यकता होती है। एक ओर शहरी इलाके तो दूसरी तरफ दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में एक साथ मतदान कराना होता है। रायगढ़ की पूरी टीम ने मई माह की भीषण गर्मी में पूरे उत्साह के साथ निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया। उतने ही जोश के साथ जिले के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी हिस्सेदारी निभाई। जिसका परिणाम रहा कि रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में मतदान प्रतिशत के मामले में टॉप पर रहा।

**संभाग स्तरीय पुरुस्कारों में भी रहा रायगढ़ का दबदबा**

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हर संभाग स्तर से सहायक प्रोग्रामर और डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए भी पुरस्कार दिए गए। इन दोनों श्रेणी के पुरस्कारों में भी बिलासपुर संभाग से रायगढ़ जिले का दबदबा रहा। रायगढ़ के निर्वाचन शाखा के सहायक प्रोग्रामर विभाष पांडेय और डाटा एंट्री ऑपरेटर लारेंस केरकेट्टा को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुरस्कृत किया गया।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह**

## रायगढ़ में हेलमेट जागरूकता रैली से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का संदेश





**रायगढ़**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज, 25 जनवरी 2025 को, जिला मुख्यालय में यातायात पुलिस और अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सदस्यों के साथ हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना था।

रैली में पुसिकर्मियों के साथ सीमेंट कंपनी के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों से विनम्र अपील की कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की आदत को अपनाएं। रैली के दौरान यातायात नियमों के महत्व पर भी जोर दिया गया और लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया गया।

## नगरीय निकाय अंतर्गत महापौर के लिए 3 एवं पार्षद पद हेतु 43 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

**❒ नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 10 एवं पार्षद पद हेतु लिए गए 96 नाम निर्देशन पत्र**

**रायगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज चौथे दिन 25 जनवरी को महापौर पद के लिए 03 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। जिसमें वार्ड क्रमांक-3 से राजेन्द्र कुमार धिरही, वार्ड क्रमांक-18 से नारायण घोरे एवं वार्ड क्रमांक-48 से रूसेन कुमार मिरी शामिल है। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 43 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए।

नगर पालिका एवं विभिन्न नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 10 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। वहीं पार्षद पद के लिए 96 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 01 तथा पार्षद पद हेतु 27 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर पंचायत पुसौर में पार्षद पद के लिए 5 अभ्यर्थी, नगर पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद हेतु 6, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में अध्यक्ष पद के लिए 01 एवं पार्षद पद के लिए 19, नगर पंचायत लैलूंगा में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 22 तथा नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 5 एवं पार्षद पद के लिए 17 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए।

**नगरीय निकाय अंतर्गत 14 अभ्यर्थियों ने पार्षद पद हेतु जमा किए नामांकन**

नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत पार्षद पद हेतु 9 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। इसी तरह नगर पालिका परिषद खरसिया से 01, नगर पंचायत घरघोड़ा से 3 एवं नगर पंचायत लैलूंगा से 01 अभ्यर्थी द्वारा पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, चक्रधरनगर पुलिस ने फरार आरोपी को पामगढ़ से किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



चक्रधरनगर पुलिस ने आज शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी मनोज साहू (24 साल) को पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ युवती ने 22 जनवरी को चक्रधरनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

तहसील धरमजयगढ़ की रहने वाली पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह पिछले छह साल से रायगढ़ में किराए के मकान में रहकर काम कर रही थी। अक्टूबर 2023 में चक्रधरनगर स्थित एक पार्क में उसकी मुलाकात मनोज साहू से हुई। मनोज ने दोस्ती बढ़ाई और फोन नंबर लेकर बातचीत शुरू की। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। नवंबर 2023 में मनोज ने चक्रधरनगर में किराए का मकान लिया, जहां वह पीड़िता के साथ रहने लगा। मनोज ने शादी का प्रस्ताव देकर शारीरिक संबंध बनाए।

कुछ समय बाद पीड़िता ने दूसरा किराए का मकान लिया, जहां मनोज अक्सर मिलने आता था। जब युवती ने नवंबर 2024 में कोर्ट में शादी के लिए आवेदन करने को कहा, तो मनोज ने शादी से इनकार कर गाली गलौच किया। पीड़िता ने मनोज के माता-पिता से बात की, लेकिन उन्होंने भी उसे भगा दिया।

युवती की शिकायत पर चक्रधरनगर थाना प्रभारी प्रशांत राव ने अपराध क्रमांक 40/2025 के तहत मामला दर्ज किया। महिला पुलिस अधिकारी ने पीड़िता का बयान लिया और मेडिकल जांच कराई। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने मुखबिर तैनात किए। आज भोर में सूचना मिलने पर पामगढ़ के चण्डीपारा से आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में निरीक्षक प्रशांत राव, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी, प्रधान आरक्षक महेंद्र कर्ष और समुंद रनकर की अहम भूमिका रही। पुलिस ने इस मामले में तेज कार्रवाई कर आरोपी को कानून के शिकंजे में लाकर न्याय सुनिश्चित किया है।

## सारंगढ़ में 27 जनवरी को होगा खाद्य लाइसेंस शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशानुसार व उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन व सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफएसएसएआई की खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन शिविर का आयोजन सोमवार 27 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सारंगढ़ में

किया जाएगा। पंजीयन का कार्य प्रातः 11 बजे से संध्या 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत रिपैकर, रीलेबरर, खाद्य परिवहन, थोक व खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, किराना दुकान, मीट शॉप, पान ठेला, गुपचुप ठेला, गन्ना रस, जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर , सब्जी, फल विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। पंजीयन, लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा, नियम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर रु.100 पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर रु.2000 है, जबकि उत्पादन कर्ता हेतु क्रमशः रु.3000 व रु.5000 का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन की ओर से सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन, अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**बिना खाद्य लाइसेंस के व्यापार करने पर होगी सजा-** बिना खाद्य अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह का कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

# 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन, लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग हुए सम्मानित

**❒ मतदाता जिम्मेदार एवं निर्भीक होकर करें मतदान- कुलपति डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया**

**रायगढ़**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सृजन सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस में महाविद्यालय एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न खूबसूरत रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा उपस्थित रहे।

कुलपति डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करना एवं नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। आप जिम्मेदार एवं निर्भीक होकर मतदान करें और अपने मत का सही उपयोग करें, यही लोकतंत्र है। हमारी राष्ट्रीय भावना के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार हमारे संविधान के अंतर्गत प्राप्त हुआ है, सभी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। यह महत्वपूर्ण अधिकार हमें प्राप्त हुआ है। जिसके माध्यम से हमें अपनी भावना व्यक्त करनी चाहिए।

हमारे संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि का परिणाम है कि हमें पूर्व से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिल रहा है, जबकि कई देशों में मताधिकार का प्रयोग नहीं था। वहीं महिलाओं को भी काफी बाद में मताधिकार का अवसर मिला। आप सभी हमारे युवा मतदाता है। वहीं आज काफी संख्या में युवा मतदाता के रूप में छात्राएं मौजूद है, राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी कहते थे, जब एक व्यक्ति को पढ़ाते है तो एक ही व्यक्ति पढ़ता है लेकिन जब एक बच्ची पढ़ती है तो पूरा समाज शिक्षित होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने दायित्व को निभाए और अपने आसपास के लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करें।

कुलपति डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसे संभालने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष निर्वाचन होते रहे है। जिसमें आयोग ने अपना दायित्व बखूबी निर्वहन किया जो सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। आज हमारे जिले के लिए खुशी की बात है कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के अगुवाई में प्रदेश में उत्कृष्ट मतदान के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुए है। जो दिखाता है कि रायगढ़ के मतदाता जागरूक है, हमें इस निर्वाचन में भी बढ़-चढ़ कर मतदान करना चाहिए ताकि जिले का मतदान में एक नया कीर्तिमान बन सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए महाविद्यालयों के एनएसएस के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन का सहयोग किया जाएगा।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सर्वप्रथम अपने देश को रखना चाहिए, देश ने आपको क्या दिया यह न सोचते हुए देश को आपने क्या दिया सोचे। आजाद भारत की चॉबी आपके हाथ में हैं, भविष्य के भारत के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट देश का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करेगी। उन्होंने युवाओं को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने कहा कि आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहे है। उन्होंने मताधिकार के ऐतिहासिक परिपेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वोटर हेल्प लाइन ऐप के संबध में जानकारी देते हुए अन्य लोगों को भी ऐप की सुविधाओं की जानकारी सांझा करने को कहा।

**लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकसभा निर्वाचन-2024 में सराहनीय कार्य करने वाले जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें प्रो.नोडल अधिकारी के रूप में नवीन शासकीय महाविद्यालय कुसमुरा की सहायक प्राध्यापक अनिता पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप, सहायक प्राध्यापक शिवाकांत इजारदार, व्याख्याता विजय कुमार चौधरी, व्याख्याता अनिल गुप्ता, व्याख्यात रविन्द्र तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा मिशन भुनेश्वर पटेल, व्याख्याता डॉ.नरेन्द्र पर्वत, मुकेश कुमार भोई, सत्येन्द्र मेहर, विरेन्द्र राठिया, नरेन्द्र साव, डीकाराम शेष, रूपेश मालाकार, बीएलओ पुरस्कार में सहायक शिक्षक बूंदराम मालाकार, रजनी खड़िया, पुष्पा दर्शन, प्रधान पाठक हरेकृष्ण पटेल, कैम्पस अम्बेसडर में गोविन्द गुप्ता, अंजनी निषाद, नीतेश पटेल, सिद्धी तिवारी, शिवाजी महंत, शिवांगी तिवारी, दिप्ती यादव, विजय यादव, रितेश कुमार चौहान, सौम्या चौहान, उत्कर्ष बंजारा, श्रद्धा पण्डा, कलश चौहान, राजेन्द्र लाल सारथी, आर्यन तेंदुलकर, टिकेश्वरी डनसेना, ओमप्रकाश जांगड़े, अराधना वैष्णव, जाकिर खान, आशा मेहर, कविता मिश्रा, अभिषेक प्रधान, संजना निषाद, भावना डे, पूर्णिमा राठिया, सुमित साहू, मानस रंजन पण्डा को सम्मानित किया गया।

**रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राएं को मिला प्रशस्त्रि पत्र-** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली बनायी गयी थी, जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें प्रथम पुरस्कार स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर को मिला। वहीं द्वितीय सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय को मिला। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में नवीन दुबे एवं भावना डे को सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480